प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
15.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

## हिमाचल दिवस

प्रदेश आज अपना 78वां हिमाचल दिवस समारोह मना रहा है। जिसके चलते आज प्रदेश भर में कार्यक्रम आयोजित की जायेंगे। अधिक ब्यौरे साथ हमारे विशेष संवाददाता रितेश कपूर

इस बीच राज्य स्तरीय समारोह चम्बा ज़िले की दुर्गम पांगी घाटी के मुख्यालय केलाड में आयोजित होगा, जिसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुखु करेंगे। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे चम्बा संवाददाता।

वहीं उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री मंडी में जिला स्तरीय समारोह में ध्वजारोहण करेंगे। कैबिनेट मंत्री अनिरुद्ध सिंह शिमला में आयोजित समारोह की अध्यक्षता करेंगे। जबकि मंत्री मंडल के अन्य सदस्य प्रदेश के अन्य जिला मुख्यालयों में हिमाचल दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कल चम्बा जिला की दुर्गम पांगी घाटी के धनवास में एक मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र की आधारशिला रखी। इस परियोजना को करीब 10 करोड़ 50 लाख रुपये की अनुमानित लागत से इसी वर्ष के अंत तक पूरा किया जाएगा। इस परियोजना के स्थापित होने से पांगी घाटी की सभी 19 पंचायतों को सर्दियों में भी निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संयंत्र में 2 हज़ार चार सौ सौर पैनल लगाए जाएंगे जिससे हरित ऊर्जा का उत्पादन होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हिमाचल को मार्च, 2026 तक हरित ऊर्जा राज्य बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

## उद्यान उत्सव

राजधानी शिमला के समीप स्थित राष्ट्रपति निवास मशोबरा में आज से 20 अप्रैल तक उद्यान उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान राष्ट्रपति निवास में प्रवेश बिल्कुल निशुल्क होगा। राष्ट्रपति निवास मशोबरा के प्रबंधक संजू डोगरा ने बताया कि प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सांय 6 बजे तक लोग राष्ट्रपति निवास आ सकते हैं। उन्होंने शिमला के लोगों और खासकर विभिन्न राज्यों से आने वाले पर्यटकों से इस दौरान राष्ट्रपति निवास आकर प्राकृतिक सुंदरता का अनुभव करने का आग्रह किया है।

## मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाये हुए हैं। मौसम के इस बदलाव से राज्य के कई हिस्सों में गरज के साथ बारिश और तूफान की सम्भावना है। हालांकि मैदानी भागों में गर्मी की तपिश बढ़ने लगी है और ऊना में पिछले कल अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शिमला के मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक शोभित कटियार ने बताया कि प्रदेश में एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है।

अब सुर्खियां समाचार पत्रों से...............

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। पंजाब केसरी का शीर्षक है–निजी भूमि पर सौर परियोजनाएं लगाने के लिए ब्याज अनुदान देगी सरकार। अमर उजाला की सुर्खी है–खाली चल रहे पदों को अब युक्तिकरण से भरेंगे। दैनिक जागरण का शीर्षक है–पांगी के लोगों के लिए लाया हूं सौगातों का उड़नखटोला।

दैनिक भास्कर के मुताबिक–प्रदेश में अगले दो दिन अधिकांश क्षेत्रों में अंधड़ के साथ भारी बारिश का अलर्ट।

–––––